यूको बैंक UCO BANK

(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)

सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust

22वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

NOTICE OF 22ND ANNUAL GENERAL MEETING

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो - वीडियो साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से

Through Video Conferencing (VC) or Other Audio-Visual Means(OAVM)

गुरुवार, 19 जून, 2025

प्रातः 11.00 बजे

Thursday, 19th June, 2025
at 11.00 A.M

प्रधान कार्यालय : 10 बी.टी.एम. सरणी, कोलकाता - 700001

Head Office : 10, B.T.M. Sarani, Kolkata - 700001

वेबसाइट / Website : www.ucobank.com

यूको बैंक UCO BANK

प्रधान कार्यालय : 10, वि. त्रै. म. सरणी, कोलकाता - 700 001

Head Office : 10, B. T. M. Sarani, Kolkata - 700 001

सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि यूको बैंक के शेयरधारकों की 22वीं वार्षिक आम बैठक गुरुवार, दिनांक 19 जून, 2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे वीडियो कंफरेंस (वीसी)/अन्य श्रव्य दृश्य माध्यम (ओएवीएम) माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए आयोजित की जाएगीः-

साधारण कारोवार

कार्यसूची मद संख्या 1

31 मार्च 2025 को बैंक की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट, 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ और हानि लेखा, लेखा द्वारा कवर की गई अवधि हेतु बैंक के कामकाज एवं गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट और बैलेंस शीट एवं खातों पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर चर्चा, अनुमोदन और अंगीकार करना।

कार्यसूची मद संख्या 2

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बैंक के इक्विटी शेयरों पर लाभांश घोषित करना।

विशेष कारोवार

कार्यसूची मद संख्या 3

ईक्विटी पूंजी जुटाने की योजना 2025-26

निम्नलिखित पर विचार करना और यदि उचित समझा जाए, तो एक **विशेष संकल्प** के रूप में पारित करनाः

'संकल्प किया जाता है कि बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 (अधिनियम), राष्ट्रीयकृत बैंक(प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना,1970(योजना) और यूको बैंक (शेयर एवं बैंठकें) विनियम 2003 के प्रावधानों के अनुसरण में तथा किसी संशोधन या पुनरधिनियमन सहित लागू अन्य सभी अधिनियम/कानून तथा भारत सरकार (जी ओ आई), भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सेबी) या अन्य किसी संबंधित प्राधिकारी द्वारा निर्धारित समय-समय पर यथालागू अन्य नियम/अधिसूचनाएं/परिपत्र/विनियम/दिशानिर्देश, यदि कोई हो तथा भारतीय रिजर्व बैंक ('आरबीआई'), भारत सरकार ('जीओआई'), भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड ('सेबी') और/ या इस संबंध में अपेक्षित अन्य किसी प्राधिकरण के अनुमोदन, सहमति और मंजूरी के अधीन एवं ऐसे अनुमोदन प्रदान करने के लिए उनके द्वारा निर्धारित ऐसी शर्तों और उन पर संशोधनों के अधीन और जिनसे बैंक का निदेशक मंडल सहमत हो तथा भारतीय रिजर्व बैंक, सेबी और प्रासंगिक अन्य सभी प्राधिकरणों द्वारा समय समय पर निर्धारित विनियमों अर्थात् सेबी (पूँजी निर्गमन और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2018 (आई सी डी आर विनियम), सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 (सेबी एलओडीआर विनियम), विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर ऋण लिखत) नियम, 2019 यथा संशोधित, तथा लिस्टिंग समझौते के अधीन स्टॉक एक्सचेजों के साथ प्रवेश किया, जहां बैंक के ईक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं, एतदद्वारा बैंक के शेयरधारकों की सहमति, बैंक के निदेशक मंडल (जिसे यहाँ इसके बाद 'निदेशक मंडल' कहा जाएगा, जिस अभिव्यक्ति में, इस संकल्प द्वारा प्रदत्त अधिकारी सहित अपने अधिकारों का प्रयोग करने हेतु बोर्ड द्वारा गठित की गई या आगे की जानेवाली कोई समिति भी शामिल) को दी जाती है कि वह प्रत्येक 10 रुपये प्रति शेयर मूल्य के 270,00,00,000 इक्विटी शेयर, कुल मिलाकर अंकित मूल्य 2700,00,00,000 रुपये (निर्गम के ऐसे हिस्से को पक्का और/या प्रतिस्पर्था आधार पर और यथा अनुमत व्यक्तियों की श्रेणियों के लिए विधिसम्मत प्रकार से आरक्षित करने के प्रावधान सहित) प्रस्ताव के दस्तावेज/नियमावली, भले ही बाज़ार मूल्य या निर्गम मूल्य या फ्लोर मूल्य पर छूट या प्रीमियम पर हो अथवा ऐसे किसी अन्य दस्तावेज के जरिए जिसमें एक या अधिक सदस्यों, बैंक के कर्मचारियों, भारतीय नागरिकों, अनिवासी भारतीय ('एनआरआई') कंपनियों, निजी या सार्वजनिक, निवेश संस्थाओं, सोसाइटियों, न्यासों, अनुसंधान संगठनों, अर्हक संस्थागत खरीदारों ('क्यू आई बी') जैसे विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक, बैंक, वित्तीय संस्थाएं, भारतीय म्यूच्यूअल फंड, वेंचर कैपिटल फंड, विदेशी वेंचर कैपिटल निवेशकों, राज्य औद्योगिक विकास निगमों, बीमा कंपनियों, भविष्य निधियों, पेंशन फंडों, विकास वित्तीय संस्थाओं, विदेशी संस्थागत निवेशकों ('एफआईआई') या अन्य इकाइयों, प्राधिकरणों अथवा मौजूदा विनियमों/दिशानिदेर्शों के अनुसार बैंक के ईक्विटी शेयरों में निवेश करने के लिए प्राधिकृत किसी अन्य श्रेणी के निवेशकर्ताओं या बैंक द्वारा उचित समझे गए तरीके से इनमें से किसी का मिश्रण हो।

"आगे संकल्प किया जाता है कि ऐसे इश्यू, प्रस्ताव या आबंटन, अतिरिक्त आबंटन के विकल्प सहित या रहित सार्वजनिक इश्यू, निजी प्लेसमेंट/ अर्हताप्राप्त संस्थागत स्थानन (क्यूआइपी) या भारत सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमोदित कोई अन्य तरीका के जरिए, अधिक-आबंटन या ग्रीन शू आप्शन के साथ या उसके बिना और ऐसा प्रस्ताव, इश्यू, प्लेसमेंट और आबंटन, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 के प्रावधानों, सेबी (पूँजी निर्गमन और प्रकटीकरण अपेक्षाएं विनियमावली 2018 (आई सी डी आर विनियमावली) एवं भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी या अन्य किसी यथा-लागू प्राधिकरण द्वारा ऐसे समय पर और तरीके और ऐसी शर्तों पर किया जाए जो निदेशक मंडल अपने पूरे विवेकाधिकार के तहत उचित समझे।"

"आगे संकल्प किया जाता है कि जहां आवश्यक हो, लीड प्रबंधक और/या हामीदार और अन्य सलहकार से परामर्श करने के बाद या बोर्ड की ऐसी शर्तों व निबंधनों के अनुसार आईसीडीआर विनियमावली, अन्य नियमावली की शर्तों के अनुसार और अन्य सभी लागू नियम विनियमावली और दिशानिर्देश के अधीन ऐसे निवेशक जो बैंक के विद्यमान सदस्य हो या न हो, के लिए अपने संपूर्ण विवेक से मूल्य निर्धारित करने के बारे में निर्णय लेने का अधिकार बोर्ड या इस उदेश्य के लिए गठित बोर्ड की समिति का होगा जो आईसीडीआर विनियमावली की संबद्ध प्रावधानों के अनुसार निर्धारित मूल्य से कम मूल्य न हो।"

"आगे संकल्प किया जाता है कि पात्र संस्थागत स्थान नियोजन के मामले में, आई सी डी आर विनियम के अध्याय VI के अनुसरण में

क) पात्र संस्थागत खरीदारों को ही प्रतिभूतियों का आबंटन होगा जो आई सी डी आर विनियमावली के अध्याय VI के अर्थ के दायरे में होगा और इस प्रकार की प्रतिभूतियां पूर्णतः प्रदत्त होगीं और इस संकल्प की तिथि से 365 दिनों के भीतर या अन्य समय जिसकी अनुमति समय-समय पर आई सी डी आर विनियम में दी जा सकती है।"

ख) आईसीडीआर विनियमों के विनियम 176(1) के प्रावधानों के अनुसरण में बैंक आईसीडीआर विनियमों के अनुसार निर्धारित न्यूनतम मूल्य पर पांच प्रतिशत से अधिक की छूट देने के लिए अधिकृत है।

ग) आई सी डी आर विनियमावली के अनुसार प्रतिभूतियों के न्यूनतम मूल्य निर्धारण की संबंधित तिथि होगी।

"आगे संकल्प किया जाता है कि अपना अनुमोदन,सहमति,अनुमति एवं मंजूरी प्रदान करते समय और निदेशक मंडल द्वारा सहमत हुए अनुसार, भारत सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक/सेबी/स्टॉक एक्सचेंज जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं या अन्य समुचित प्राधिकरण द्वारा प्रस्ताव में अपेक्षित या लगाए गए किसी संशोधन को स्वीकार करने का निदेशक मंडल को प्राधिकार होगा।"

"आगे संकल्प किया जाता है कि अनिवासी भारतीयों / विदेशी निवेशक व्यक्तियों और या अन्य पात्र विदेशी निवेशक को नए ईक्विटी शेयर / अधिमान्य शेयर/प्रतिभूतियों को जारी और आवंटित करना,यदि कोई हो,विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम 1999 के तहत भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन के अधीन होगा जो अधिनियम के तहत निर्धारित समग्र सीमा के अंदर होगा।"

"आगे संकल्प किया जाता है कि जारी किये जानेवाले उक्त नए ईक्विटी शेयर यथा संशोधित यूको बैंक (शेयर एवं बैठकें) विनियम 2003 के अधीन जारी किये जाएंगे और ये बैंक के मौजूदा शेयरों के साथ सभी दृष्टियों से समान होंगे और घोषणा के समय प्रचलित सांविधिक दिशानिर्देशों के अनुसार घोषित किये जानेवाले किसी भी लाभांश के लिए पात्र होंगे।"

"आगे संकल्प किया जाता है किसी मर्चेंट बैंकर (रों), बुक रनर (रों), लीड प्रबंधकों, बैंकरों, हामीदारों, निक्षेपागारों, रजिस्ट्रारों, लेखापरीक्षकों एवं इस प्रकार की सभी एजेंसियों से जो इस प्रकार के ईक्विटी, अधिमान शेयरों, प्रतिभूतियों के प्रस्ताव में शामिल या संबंधित हो, के साथ इस प्रकार के समझौते करने एवं एजेंसियों को कमीशन, दलाली, शुल्क या अन्य ऐसे द्वारा पारिश्रमिक देने तथा ऐसे एजेंसियों के साथ ऐसे सभी करार, ज्ञापन, दस्तावेज आदि निष्पादित करने के लिए एतद्द्वारा प्राधिकृत किया जाता है तथा उन स्टॉक एक्स्चंजो पर निर्गमित इक्विटी शेयरों का सूचीकरण करते हो, जहां बैंक के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध है।"

"आगे संकल्प किया जाता है निदेशक मंडल को प्रबंध से सलाह करके किसी मर्चेंट बैंकर (रों), बुक रनर (रों) लीड प्रबंधकों, हामीदारों, परामर्शदाताओं और/या बैक द्वारा यथा नियुक्त कोई अन्य व्यक्ति को निवेशकों के वर्ग सहित ईश्यू की प्रकृति एवं शर्तों, प्रत्येक ट्रांच में आवंटित किए जाने वाले शेयरों की संख्या, जारी मूल्य (प्रीमियम सहित, यदि कोई हो), अंकित मूल्य के निर्धारण करने, रिकार्ड तारीख या लेखा-बंदी एवं अन्य संबंधित या अनुषंगी मामले निर्धारित करने, भारत और/या विदेश में एक या एक से अधिक स्टॉक एक्सचेंजों को सूचीबद्ध करने हेतु एतद्द्वारा प्राधिकृत किया जाता है, जैसा कि बोर्ड अपने विवेकाधिकार के अनुसार उचित समझे।"

"आगे संकल्प किया जाता है कि अभिदान न किए गए ऐसे शेयरों/प्रतिभूतियों का, निदेशक मंडल द्वारा अपने संपूर्ण विवेकाधिकार के अधीन ऐसे तरीके से निपाटन किया जाएगा, जो वह उचित समझे और विधि द्वारा अनुमत है।"

"आगे संकल्प किया जाता है कि किसी निर्गम को प्रभावी बनाने के लिए या ईक्विटी शेयर आवंटित करने के लिए सार्वजनिक प्रस्ताव, योग्य संस्थागत नियोजन की शर्तें निर्धारित करने हेतु जिसमें निवेशकों का वर्ग जिन्हें प्रतिभूतियां आवंटित की जानी है, प्रत्यंक शृंखला में आवंटित किए जाने वाले शेयर/प्रतिभूतियों, निर्गम मूल्य, निर्गम पर किस्त की राशि जिन्हें बोर्ड अपने पूर्ण विवेकाधिकार के तहत उचित समझे एवं इस प्रकार के कार्य, मामले और किसी बात और ऐसे विलेख, दस्तावेज व करार निष्पादित करने हेतु वे अपने पूर्ण विवेकाधिकार के तहत आवश्यक, उचित या वांछित समझे तथा सार्वजनिक प्रस्ताव, निर्गम, आबंटन और निर्गम मे प्राप्त आय के उपयोग के संबंध में किसी प्रकार के सवाल, कठिनाई या संदेह जो उत्पन्न होता हो और ऐसे आशोधनों, बदलावों, भिन्नताओं, परिवर्तनों, उच्छेदन, संवर्धन, संबंधी शतों को प्रभावी बनाने के लिए जो कि वह अपने पूर्ण विवेकाधिकार के अधीन सर्वाधिक हित में उपयुक्त और समुचित समझे, सदस्यों से आगे बिना अन्य किसी अनुमोदन की अपेक्षा के इस संकल्प द्वारा बैंक और बोर्ड को प्रदत्त सभी या किसी शक्ति का प्रयोग बोर्ड द्वारा किया जा सकता है।"

"यह भी संकल्प किया जाता है कि इस संकल्प को प्रभावी करने के लिए इसके द्वारा मंडल को प्राधिकृत किया जाता है कि वह ऐसी सभी कार्रवाइयों, कृत्यों, मामलों और बातों को क्रियान्वित करे जिन्हें वह अपने विवेक के अनुसार आवश्यक, उपयुक्त एवं वांछनीय समझे, ईक्विटी शेयरों के निर्गमन के संबंध में उठने वाले किसी भी प्रश्न, कठिनाई या शंका का निपटारा करे और ऐसी सभी कार्रवाइयों, कृत्यों, मामलों और बातों को, सभी दस्तावेजों और लेखों को अंतिम रूप दे और कार्यान्वित करे, जो आवश्यक, वांछनीय या समीचीन हो, उसके विवेकानुसार उपयुक्त, उचित या वांछनीय प्रतीत हो, जिसके लिए शेयरधारकों की सम्मति या अनुमोदन प्राप्त करने की आगे कोई भी आवयकता न पड़े, अथवा इस उद्देय या प्रयोजन से प्राधिकृत किया जाता है कि शेयरधारकों द्वारा इस संकल्प के प्राधिकार से, व्यक्त रूप से इस पर अपना अनुमोदन प्रदान कर दिया जाना मान लिया गया है।"

"यह भी संकल्प किया जाता है कि मंडल द्वारा स्वयं को प्रदत्त सभी या किन्ही शक्तियों को बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या कार्यपालक निदेशकों में से किसी को, अथवा ऐसे किसी अधिकारी को प्रत्यायोजित करने के लिए इसके द्वारा प्राधिकृत किया जाता है जिसे वह उपर्युक्त संकल्प को प्रभावी करने के लिए उपयुक्त मानता है।"

कार्य सूची मद संख्या 4

सचिवीय लेखा परीक्षक की नियुक्ति

निम्नलिखित प्रस्ताव पर विचार करना तथा यदि उचित समझा जाए तो उसे **साधारण प्रस्ताव** के रूप में पारित करनाः

"**यह संकल्प लिया गया कि** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 24 तथा अन्य सभी लागू प्रावधानों के अंतर्गत, और उनके अंतर्गत समय-समय पर जारी परिपत्रों (जिसमें समय-समय पर किए गए किसी भी वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियमन को सम्मिलित माना जाएगा) के साथ पठनीय, तथा बैंक के निदेशक मंडल की अनुशंसा के आधार पर, मेसर्स ए. सारस्वत एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेकेटरीज़ (यूनिक कोड नंबर - S2015WB298700) की नियुक्ति, बैंक के सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में, पांच लगातार वित्तीय वर्षों की अवधि के लिए - अर्थात् वित्त वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक - सचिवीय लेखा परीक्षा करने तथा सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट और वार्षिक सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट जारी करने हेतु, 55,000/- प्रति वित्तीय वर्ष के व्यावसायिक शुल्क पर, जैसा कि निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित है, **स्वीकृत** की जाती है।"

आगे यह संकल्प लिया गया कि बोर्ड को इस प्रस्ताव को प्रभावी बनाने तथा उससे संबंधित या उसके अनुपूरक/आनुषंगिक विषयों के लिए आवश्यक सभी कार्यों, कृत्यों एवं कार्यवाहियों को संपादित करने तथा सभी आवश्यक दस्तावेजों और अभिलेखों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत किया जाता है।'

"**आगे यह भी संकल्प लिया गया कि** बोर्ड को इस प्रस्ताव को प्रभावी बनाने हेतु, यहां प्रदान की गई सभी या किसी एक शक्ति को मुख्य वित्तीय अधिकारी एवं कंपनी सचिव को अलग-अलग रूप से कार्य करने के लिए प्रत्यायोजित करने का अधिकार प्रदान किया जाता है।"

कार्य सूची मद संख्या 5

यूको बैंक के बोर्ड में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में श्री रवि कुमार अग्रवाल की नियुक्ति

निम्नलिखित पर विचार करना तथा यदि उचित समझा जाए तो **विशेष प्रस्ताव** के रूप में पारित करनाः

"**संकल्प लिया गया कि** संशोधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 25(2ए) तथा विनियम 17(1सी), को बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (एच) के साथ पठनीय रूप में, भारत सरकार की अधिसूचना सं. F.No.6/1(ix)/2024-BO.I दिनांक 11.04.2025 के अनुसार, श्री रवि

कुमार अग्रवाल की यूको बैंक के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में अधिसूचना की तिथि अर्थात 11.04.2025 से एक वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, की गई नियुक्ति को इस प्रस्ताव द्वारा **अनुमोदित** किया जाता है।"

कार्य सूची मद संख्या 6

यूको बैंक के बोर्ड में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में श्री अंजन तालुकदार की नियुक्ति

निम्नलिखित पर विचार करना तथा यदि उचित समझा जाए तो **विशेष प्रस्ताव** के रूप में पारित करनाः

"संकल्प लिया गया कि संशोधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 25(2ए) तथा विनियम 17(1सी), को बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (एच) के साथ पठनीय रूप में, भारत सरकार की अधिसूचना सं. F.No.6/1(x)/2024-BO.I दिनांक 11.04.2025 के अनुसार, श्री अंजन तालुकदार की यूको बैंक के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में अधिसूचना की तिथि अर्थात 11.04.2025 से एक वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, की गई नियुक्ति को इस प्रस्ताव द्वारा अनुमोदित किया जाता है।"

निदेशक मंडल के आदेश से

ह/-

(अश्वनी कुमार)
प्रबंध निदेशक एवं
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

स्थानः कोलकाता
दिनांकः 20.05.2025

व्याख्यात्मक विवरण

मद संख्या 3 - ईक्विटी पूंजी जुटाने की योजना 2025-2026

- वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पूंजी जुटाने की योजना के एक भाग के रूप में, बैंक के बोर्ड ने 28.04.2025 को आयोजित अपनी बैठक में सेबी (पूंजी निर्गमन और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2018 एवं यथासंशोधित अद्यतन और इस संबंध में सेबी/आरबीआई के अन्य लागू विनियम/ दिशानिर्देश के अनुसार क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट/प्राइवेट प्लेसमेंट/ कर्मचारी शेयर खरीद योजना (ईएसपीएस) का पालन कर या अन्य माध्यम या उसका संयोजन से रु. 10/- के कुल मिलाकर 270,00,00,000 इक्विटी शेयर तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशन प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के माध्यम से पूंजी जुटाने की स्थिति में, यह सेबी (पूंजी निर्गमन और प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2018 के अध्याय VI के अनुसार होगा।

- इक्विटी शेयरों के निर्गमन के माध्यम से पूंजी जुटाने से बैंक में सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी, जो वर्तमान में प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) नियम, 1957 के नियम 19ए के तहत निर्धारित न्यूनतम 25% सार्वजनिक हिस्सेदारी से कम है। वर्तमान में बैंक की सार्वजनिक हिस्सेदारी 9.05% है। बैंक द्वारा इन विकल्पों का प्रयोग प्रचलित बाजार स्थितियों के आधार पर किया जाएगा।

- बैंक अपनी चुकता पूंजी बढ़ाने के लिए बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3(2बी)(सी) के अनुसार भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक से अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करेगा। इसके अलावा, बैंक सेबी के अन्य प्रासंगिक दिशा-निर्देशों/विनियमों और स्टॉक एक्सचेंजों के साथ लिस्टिंग समझौते का अनुपालन करेगा।

- सेबी (दायित्व सूचीकरण एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियम, 2015 का विनियमन 41(4) प्रावधान है कि बैंक द्वारा जब भी कोई नया शेयर जारी किया जाता है या नई पेशकश की जाती है, तो मौजूदा शेयरधारकों को प्रो-राटा आधार पर उसी के साथ पेश किया जाना चाहिए जब तक कि सामान्य बैठक में शेयरधारक इसके अतिरिक्त तय न कर लें। यदि उक्त संकल्प पारित हो जाता है, तो बोर्ड को बैंक की तरफ से मौजूदा शेयरधारकों को प्रो-राटा आधार पर उसके अलावा कुछ प्रतिभूति जारी करने तथा आबंटित करने का अधिकार होगा।

- ऑफर के लिए विस्तृत नियम और शर्तें सलाहकारों, अग्रणी प्रबंधकों और हामीदारों (अंडरराइटरों) और ऐसे अन्य प्राधिकारी या प्राधिकरणों के परामर्श से, मौजूदा बाजार की स्थितियों और अन्य नियामक आवश्यकताओं को देखते हुए, जो आवश्यक हो, निर्धारित की जा सकती है।

- वर्तमान प्रस्ताव बैंक के निदेशक मंडल को उचित समय, मोड, प्रीमियम और अन्य शर्तों पर इक्विटी शेयर बनाने, पेश करने, जारी करने और आवंटित करने में सक्षम बनाने के लिए प्रस्तावित है। इस निर्गम से प्राप्त धनराशि बैंक की पूंजी स्थिति को मजबूत करने में सहायता करेगी, जिससे बैंक की वृद्धि को समर्थन मिलेगा और सेबी द्वारा निर्धारित न्यूनतम सार्वजनिक हिस्सेदारी (एमपीएस) मानदंडों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

- आवंटित किए जाने वाले ईक्विटी शेयरों का दर्जा सभी मायनों में अन्य बातों के साथ-साथ बैंक के मौजूदा इक्विटी शेयरों के बराबर होंगे। इस प्रयोजन के लिए बैंक को एक विशेष संकल्प के माध्यम से शेयरधारकों की सहमति प्राप्त करना आवश्यक है। अतः उपरोक्त प्रस्ताव के लिए शेयरधारकों की सहमति अपेक्षित है।

- बैंक या इसके निदेशकों या प्रवर्तकों में से कोई भी इरादतन चूककर्ता या भगोड़ा आर्थिक अपराधी नहीं है।

- बैंक में अपनी शेयरधारिता की सीमा को छोड़कर, कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार उपर्युक्त संकल्प (संकल्पों) में रुचि या संबंध नहीं रखते हैं।

निदेशक मंडल प्रस्तावित विशेष संकल्पों को पारित करने की अनुशंसा करता है।

मद संख्या 4

सचिवीय लेखा परीक्षक की नियुक्ति

यह व्याख्यात्मक विवरण सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 [सेबी लिस्टिंग विनियम] के विनियम 36(5) के अनुसार प्रदान किया गया है।

सेबी लिस्टिंग विनियमन के विनियमन 24ए के अनुसार, प्रत्येक सूचीबद्ध इकाई को एक सचिवीय लेखा परीक्षक द्वारा सचिवीय लेखा परीक्षा आयोजित करना आवश्यक है, जो सहकर्मी समीक्षा वाला कंपनी सचिव होगा और अपनी वार्षिक रिपोर्ट में सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट संलग्न करेगा। इसके अतिरिक्त, एक सूचीबद्ध इकाई को अपनी वार्षिक आम बैठक में अपने शेयरधारकों की मंजूरी के साथ लगातार पांच वर्षों के अधिकतम एक कार्यकाल (व्यक्तिगत के मामले में) / दो कार्यकाल (फर्म के मामले में) के लिए एक सचिवीय लेखा परीक्षा फर्म नियुक्त करनी चाहिए।

तदनुसार, बैंक के निदेशक मंडल ने मेसर्स ए सारस्वत एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेकेटरीज (यूनिक कोड नंबर - S2015WB298700) को वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक लगातार पांच वर्षों की अवधि के लिए बैंक के सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की। यह नियुक्ति 22वीं वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है।

मेसर्स ए सारस्वत एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिवों का संक्षिप्त परिचय

ए. सारस्वत एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिवों की एक समकक्ष-समीक्षित फर्म है, जिसका नेतृत्व सीएस अनुज सारस्वत करते हैं, जो भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के फेलो सदस्य हैं, तथा जिन्हें कॉर्पोरेट सलाह और अनुपालन में एक दशक से अधिक का अनुभव है।

यह फर्म कंपनी कानून, सचिवीय लेखा परीक्षा, कॉर्पोरेट पुनर्गठन, बौद्धिक संपदा अधिकार और संबद्ध कानूनी डोमेन में एंड-टू-एंड सेवाएं प्रदान करती है। यह सूचीबद्ध और गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के विविध ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है, जिसे उत्कृष्टता और अखंडता के लिए प्रतिबद्ध योग्य पेशेवरों की एक टीम द्वारा समर्थित किया जाता है।

फर्म के संस्थापक और प्रिंसिपल सीएस अनुज सारस्वत पिछले दस वर्षों से कंपनी सचिव के रूप में पूर्णकालिक अभ्यास कर रहे हैं। वह एक लॉ ग्रेजुएट हैं और उनके पास बिजनेस पॉलिसी और कॉर्पोरेट गवर्नेंस में मास्टर डिग्री है। उनके पास जीएसटी प्रैक्टिशनर, पंजीकृत ट्रेडमार्क एजेंट के रूप में भी प्रमाण-पत्र हैं और वह एक योग्य स्वतंत्र निदेशक हैं।

श्री सारस्वत ने आईसीएसआई के भीतर कई नेतृत्वकारी भूमिकाएँ निभाई हैं, उन्होंने 2021 में हुगली चैप्टर के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है, और वर्तमान में आईसीएसआई के पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद (ईआईआरसी) के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

अन्य प्रकटीकरण

1	सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किये जाने हेतु प्रस्तावित व्यक्ति/फर्म का नाम क्या है?	ए सारस्वत एंड एसोसिएट्स, एकल स्वामित्व वाली कंपनी मालिक - सीएस अनुज सारस्वत
2	क्या निदेशक मंडल ने सूचीबद्ध इकाई के सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में व्यक्ति/फर्म की नियुक्ति की सिफारिश की है?	हाँ
3.	प्रस्तावित सचिवीय लेखा परीक्षक की वेबसाइट; सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किए जाने वाले प्रस्तावित व्यक्ति / फर्म के अनुभव के वर्षों की संख्याः किसी व्यक्ति के लिए कंपनी सचिव के रूप में अभ्यासरत कंपनी सचिव के रूप में सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में	https://asaraswat.in/ 10 वर्ष 10 वर्ष 10 वर्ष
4.	अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं (इक्विटी/ऋण) के नाम जिनके लिए व्यक्ति/फर्म सचिवीय लेखा परीक्षक है	पुष्कर बाणिज्य ली.
5.	प्रस्तावित सचिवीय लेखा परीक्षक के विरुद्ध आईसीएसआई/सेबी/एमसीए/किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी/न्यायालय द्वारा भारत में अथवा भारत से बाहर पिछले 5 वर्षों में पारित आदेशों का विवरण	प्रस्तावित सचिवीय लेखा परीक्षक के विरुद्ध आईसीएसआई/सेबी/एमसीए/किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी/न्यायालय द्वारा भारत में या भारत से बाहर पिछले 5 वर्षों में कोई आदेश पारित नहीं किया गया है।
6.	क्या प्रस्तावित सचिवीय लेखा परीक्षक ने सेबी के दिशा-निर्देशों के तहत प्रतिबंधित कोई सेवा सीधे या परोक्ष रूप से सूचीबद्ध इकाई या उसकी होल्डिंग कंपनी या सहायक कंपनी या किसी सहयोगी को प्रदान की है? यदि हाँ, तो ब्यौरा दें और व्यक्ति/फर्म के खिलाफ़ कोई कार्रवाई की गई हो, तो उसका विवरण दें, और	ए सारस्वत एंड एसोसिएट्स द्वारा यूको बैंक को कोई प्रतिबंधित सेवाएं प्रदान नहीं की गईं।

7	शुल्क संबंधी क) सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में व्यक्ति/फर्म को देय प्रस्तावित शुल्क ख) पिछले/निवर्तमान लेखा परीक्षक को भुगतान की गई कुल फीस ग) पिछले/निवर्तमान लेखा परीक्षक की तुलना में प्रस्तावित सचिवीय लेखा परीक्षक को भुगतान किए जाने वाले प्रस्तावित लेखा परीक्षा शुल्क में भौतिक परिवर्तन का औचित्य; घ) प्रस्तावित सचिवीय लेखा परीक्षक या/और उसके सहयोगी प्रतिष्ठानों को भुगतान किए गए/देय गैर-लेखा परीक्षा शुल्क के प्रतिशत का प्रकटीकरण, उक्त लेखा परीक्षक को भुगतान किए गए/देय लेखा परीक्षा शुल्क से अधिक ङ) प्रस्तावित सचिवीय लेखा परीक्षक द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में बैंक से प्राप्त कुल पारिश्रमिक/फीस आदि का विवरण।	रुपये 55,000/- (प्लस जीएसटी) रुपये 55,000/- (प्लस जीएसटी) लेखापरीक्षा शुल्क में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं किया गया है। शून्य शून्य
8	प्रस्तावित सचिवीय लेखा परीक्षक का पिछले संबंध (नाम और वर्षों की संख्या का खुलासा किया जाना है): (i) पिछले 3 वर्षों के दौरान प्रमोटर / प्रमोटर समूह (ii) पिछले 3 वर्षों के दौरान सूचीबद्ध इकाई की समूह कंपनियां (होल्डिंग, सहायक, सहयोगी, संयुक्त उद्यम)। बशर्ते कि ऊपर उल्लिखित विवरण केवल तभी प्रकट किया जाएगा जब पिछले तीन वर्षों में से किसी भी वर्ष में पिछले संबंध के परिणामस्वरूप निम्नलिखित में से कोई एक परिणाम निकला हो: व्यक्तिगत/एकमात्र स्वामित्व वाली संस्था के लिए: उस विशेष वित्तीय वर्ष के दौरान ऊपर (i) और (ii) में उल्लिखित संस्थाओं से व्यक्तिगत/एकमात्र स्वामित्व वाली संस्था द्वारा प्राप्त कुल आय, नियुक्ति/पुनर्नियुक्ति के तत्काल पिछले वित्तीय वर्ष के लिए व्यक्ति/स्वामी की कुल वार्षिक आय के 10% से अधिक थी।	ए. सारस्वत एंड एसोसिएट्स ने सचिवीय ऑडिट करने और बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट प्रारूप के अनुसार वार्षिक सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट प्रदान करने के लिए 55,000/- रुपये प्लस जीएसटी के शुल्क पर वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बैंक के सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में कार्य किया। इसके अलावा, ए सारस्वत एंड एसोसिएट्स किसी भी सेवा के लिए बैंक से संबद्ध नहीं हैं। पिछले 3 वर्षों के दौरान बैंक के पास कोई होल्डिंग, सहायक कंपनी, संयुक्त उद्यम नहीं है। बैंक के पास एक प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक "पश्चिम बंग ग्रामीण बैंक (पीबीजीबी)" था, जिसका 1 मई, 2025 से विलय हो गया। मेसर्स ए सारस्वत एंड एसोसिएट्स का पिछले तीन वर्षों के दौरान किसी भी क्षमता में पीबीजीबी के साथ कोई संबंध नहीं है।
9	निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नियुक्ति की शर्तें	निदेशक मंडल ने मेसर्स ए सारस्वत एंड एसोसिएट्स, प्रैक्टिसिंग कंपनी सेकेटरीज को बैंक के सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में पांच वर्ष की अवधि के लिए, समय-समय पर बोर्ड द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक पर नियुक्ति को मंजूरी दी।
10	सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए व्यक्ति / फर्म के खिलाफ पिछले आदेशों (यदि लागू हो) की सिफारिश करने के लिए निदेशक मंडल का तर्क	निदेशक मंडल ने मेसर्स ए. सारस्वत एंड एसोसिएट्स द्वारा प्रस्तुत योग्यता, अनुभव और दस्तावेजों की समीक्षा करने के बाद पाया कि वे लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार बैंक के सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र और उपयुक्त रूप से योग्य हैं। बोर्ड इस बात से संतुष्ट था कि कोई भी ऐसी अयोग्यता या प्रतिबंध नहीं है जो सेबी (एलओडीआर) विनियमों या प्रासंगिक नियामक दिशानिर्देशों के लागू प्रावधानों के तहत फर्म की पात्रता या स्वतंत्रता को प्रभावित करेगा। फर्म की पेशेवर पृष्ठभूमि और अनुभव को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड ने प्रस्तावित कार्यकाल के लिए उनकी नियुक्ति की सिफारिश की।

मेसर्स ए. सारस्वत एंड एसोसिएट्स ने बैंक के सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में कार्य करने के लिए अपनी सहमति दे दी है और पुष्टि की है कि उनकी उपरोक्त नियुक्ति (यदि की जाती है) लागू अधिनियम, उसके तहत बनाए गए नियमों और सेबी (एलओडीआर) विनियमों के तहत निर्धारित सीमाओं के भीतर होगी। उन्होंने यह भी पुष्टि की है कि वे लागू अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों और सेबी (एलओडीआर) विनियमों के प्रावधानों के अनुसार सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त होने के लिए अयोग्य नहीं हैं।

बैंक का कोई भी निदेशक/मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक/उनके रिश्तेदार, बैंक में अपनी शेयरधारिता (यदि कोई हो) की सीमा को छोड़कर, किसी भी तरह से, वित्तीय या अन्य रूप से, संकल्प से संबंधित या इच्छुक नहीं हैं।

बैंक का निदेशक मंडल मद संख्या 4 में दिए गए प्रस्ताव को एक साधारण प्रस्ताव के रूप में शेयरधारकों के अनुमोदन हेतु अनुशंसित करता है।

कार्य सूची मद संख्या 5

यूको बैंक के बोर्ड में अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक के रूप में श्री रवि कुमार अग्रवाल की नियुक्ति

श्री रवि कुमार अग्रवाल को भारत सरकार द्वारा बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उप-धारा (3) के खंड (एच) के तहत प्रदत्त शक्तियों के तहत दिनांक 11.04.2025 की अपनी अधिसूचना एफ भारत सरकार अधिसूचना एफ.सं.6/1(x)/ 2024-बीओ.आई के माध्यम से यूको बैंक के बोर्ड में अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था, अधिसूचना की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए यानी 11.04.2025 या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो।

श्री रवि कुमार अग्रवाल का संक्षिप्त परिचय

श्री रवि कुमार अग्रवाल (आयु 59) पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। वे सीए फर्म 'अग्रवाल एंड बरदिया' में भागीदार हैं और रायपुर, छत्तीसग़ढ में रहते हैं। श्री अग्रवाल 4 वर्षों तक भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) के क्षेत्रीय सलाहकार बोर्ड में मानद सदस्य रहे हैं। श्री अग्रवाल की शैक्षणिक योग्यता में चार्टर्ड अकाउंटेंट होने के अलावा बी.कॉम. (ऑनर्स) और एलएलबी शामिल हैं। वे इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की राजकोषीय कानून समिति के सदस्य भी रहे हैं।

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 36(3) के अनुसार अन्य विवरण निम्नानुसार हैं:

- श्री रवि कुमार अग्रवाल का संक्षिप्त परिचय ऊपर दिया गया है, जो लेखा, लेखा परीक्षा, कराधान और कानूनी मामलों में उनकी विशेषज्ञता को दर्शाता है। इसके अलावा, बैंकिंग व्यवसाय के संदर्भ में आवश्यक कौशल/क्षमताओं/विशेषज्ञता का भारत सरकार द्वारा मूल्यांकन किया गया और उसके आधार पर नियुक्ति की गई।
- निदेशकों के बीच कोई अंतर-संबंध नहीं है।
- अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं में निदेशक पद - शून्य
- सूचीबद्ध संस्थाओं का नाम जिनसे श्री रवि कुमार अग्रवाल ने पिछले तीन वर्षों में इस्तीफा दिया है - कोई नहीं।
- यूको बैंक में शेयरधारिता - शून्य

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 25(2ए) और 17(1सी) के परंतुक, बैंक यह सुनिश्चित करेगा कि निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति या पुनर्नियुक्ति के लिए शेयरधारकों का अनुमोदन अगली आम बैठक में लिया जाए।

उपरोक्त नियमों के अनुपालन में, बैंक के निदेशक मंडल ने संस्तुति की कि श्री रवि कुमार अग्रवाल, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक की नियुक्ति के प्रस्ताव को शेयरधारकों के समक्ष इस 22वीं वार्षिक आम बैठक में विशेष संकल्प के माध्यम से उनकी मंजूरी हेतु प्रस्तुत किया जाए।

श्री रवि कुमार अग्रवाल या उनके रिश्तेदारों के उनकी शेयर धारिता की सीमा तक के अलावा बैंक के निदेशक और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदारों में से कोई भी, यदि कोई हो, उक्त संकल्प में रुचि या संबंध नहीं रखता है।

कार्य सूची मद संख्या 6

यूको बैंक के बोर्ड में अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक के रूप में श्री अंजन तालुकदार की नियुक्ति

श्री अंजन तालुकदार को भारत सरकार द्वारा बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उप-धारा (3) के खंड (एच) के तहत प्रदत्त शक्तियों के तहत दिनांक 11.04.2025 की अपनी अधिसूचना एफ भारत सरकार अधिसूचना एफ.सं.6/1(x)/ 2024-बीओ.आई के माध्यम से यूको बैंक के बोर्ड में अंशकालिक गैर-आधिकारिक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था, अधिसूचना की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए यानी 11.04.2025 या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो।

श्री अंजन तालुकदार का संक्षिप्त प्रोफ़ाइल

श्री अंजन तालुकदार (आयु 58 वर्ष) को कानूनी, प्रबंधन और वित्त सहित विविध क्षेत्रों में विभिन्न सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के संगठनों में 30 से अधिक वर्षों का कार्य अनुभव है। वह वर्तमान में प्रीमियर क्रायोजेनिक्स लिमिटेड के निदेशक-सह-कंपनी सचिव हैं और गुवाहाटी, असम में रहते हैं। श्री तालुकदार की शैक्षणिक योग्यताओं में बी.कॉम, एफसीएस, एलएलबी शामिल हैं। उन्होंने सीसीजीआरटी, हैदराबाद, आईआईएम, अहमदाबाद और हेनले मैनेजमेंट कॉलेज, यूके जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से कई प्रबंधन विकास, कानूनी और शासन कार्यक्रम भी पूरे किए हैं। अन्य पेशेवर गतिविधियों के अलावा, वे आईसीएसआई के एन.ई. चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष, एन.ई. क्षेत्र के उद्योग और वाणिज्य महासंघ की बैंकिंग और बीमा समिति के पूर्व सदस्य, एक प्रकाशन गृह के प्रमोटर निदेशक, कानून, कराधान और प्रबंधन से संबंधित विषयों पर लेखक और अतिथि संकाय थे।

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 36(3) के अनुसार अन्य विवरण निम्नानुसार हैं:

- श्री अंजन तालुकदार का संक्षिप्त परिचय ऊपर दिया गया है, जो लेखांकन, कॉर्पोरेट कानून और कानूनी मामलों में उनकी विशेषज्ञता को दर्शाता है। इसके अलावा, बैंकिंग व्यवसाय के संदर्भ में आवश्यक कौशल/क्षमताओं/विशेषज्ञता का भारत सरकार द्वारा मूल्यांकन किया गया और उसके आधार पर नियुक्ति की गई।
- निदेशकों के बीच कोई अंतर-संबंध नहीं है।
- अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं में निदेशक पद - शून्य
- सूचीबद्ध संस्थाओं का नाम जिनसे श्री अंजन तालुकदार ने पिछले तीन वर्षों में इस्तीफा दिया है - कोई नहीं।
- यूको बैंक में शेयरधारिता - शून्य

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के नियम 25(2ए) तथा धारा 17(1सी) के अनुसार बैंक यह सुनिश्चित करेगा कि निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति या पुनर्नियुक्ति के लिए शेयरधारकों का अनुमोदन अगली आम बैठक में लिया जाए।

उपर्युक्त विनियमों का अनुपालन करने के लिए, बैंक के निदेशक मंडल ने सिफारिश की है कि श्री अंजन तालुकदार, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक की नियुक्ति का प्रस्ताव विशेष प्रस्ताव के माध्यम से अनुमोदन प्राप्त करने के लिए इस 22वीं वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों के समक्ष रखा जाए।

श्री अंजन तालुकदार या उनके रिश्तेदारों बैंक में उनकी शेयरधारिता की सीमा तक, यदि कोई हो के अलावा बैंक के किसी भी निदेशक या उनके रिश्तेदार और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक का उक्त प्रस्ताव में कोई हित या सरोकार नहीं है।

निदेशक मंडल के आदेश से

ह/-

(अश्वनी कुमार)
प्रबंध निदेशक एवं
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

स्थानः कोलकाता
दिनांकः 20.05.2025

वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से वार्षिक आम बैठक में भाग लेने तथा रिमोट ई-वोटिंग सहित इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से पहुंच एवं वोटिंग करने के लिए सामान्य निर्देश

1. वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित करने पर विनियामक निर्देश

कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 09/2024 दिनांक 19.09.2024 (सामूहिक रूप से 'एमसीए परिपत्र' के रूप में संदर्भित) के अनुसार, सेबी परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएफडी-पीओडी-2/पी/सीआईआर/2024/133 दिनांक 03.10.2024 के साथ पढ़ें, एजीएम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना एक आम स्थल पर बैंक की एजीएम आयोजित करने में एमसीए और सेबी द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए आयोजित की जाएगी।

एजीएम बैठक का अवधारित स्थल यूको बैंक प्रधान कार्यालय, 10, बीटीएम सारणी, कोलकाता-700001 होगा।

2. वीसी के माध्यम से एजीएम में शामिल होना

वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भागीदारी, रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान और एजीएम के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा बैंक के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) मेसर्स केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड द्वारा प्रदान की जाएगी। मेसर्स केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड एजीएम के लिए सहायक के रूप में भी काम करेगा।

शेयरधारक नोटिस में उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करके वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में शामिल हो सकते हैं, जिसे शेयरधारकों के लिए 19 जून 2025 को सुबह 10:45 बजे से खुला रखा जाएगा, यानी एजीएम शुरूहोने के लिए निर्धारित समय से 15 मिनट पहले। वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में शामिल होने की विंडो निर्धारित समय से 30 मिनट बाद बंद हो सकती है।

वीसी/ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक आम बैठक में भागीदारी की सुविधा पहले आएं पहले पाएं के आधार पर कम से कम 1000 सदस्यों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। इस प्रतिबंध में बड़े शेयरधारक (2% या अधिक हिस्सेदारी वाले शेयरधारक), प्रोमोटर, संस्थागत निवेशक, निदेशक, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक, लेखा परीक्षा समिति, नामांकन और पारिश्रमिक समिति तथा हितधारक संबंध समिति के अध्यक्ष, लेखा परीक्षक आदि शामिल नहीं होंगे जिन्हें पहले आएं पहले पाएं के आधार पर प्रतिबंध के बिना वार्षिक आम बैठक में भाग लेने की अनुमति दी गई है।

3. उपस्थिति

वीसी/ओएवीएम के माध्यम से वार्षिक आम बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों की उपस्थिति को कोरम की गणना के उद्देश्य से गिना जाएगा।

4. प्रॉक्सी और प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति

चूँकि यह वार्षिक साधारण बैठक एमसीए परिपत्रों के अनुसरण में एमसीए वीसी/ओएवीएम के जरिए आयोजित की जा रही है, सदस्यों की प्रत्यक्ष उपस्थिति की व्यवस्था हटा दी गई है। तदनुसार, वार्षिक साधारण बैठक के लिए सदस्यों द्वारा प्रॉक्सियों की नियुक्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी। अतः इस नोटिस के साथ प्रॉक्सी आवेदन पत्र और उपस्थिति पत्रक संलग्न नहीं किए गए हैं।

तथापि, निगमित निकाय वीसी के माध्यम से वार्षिक आम बैठक में भाग लेने के लिए प्राधिकृत प्रतिनिधियों को नियुक्त करने और उसके बाद ई-वोटिंग के माध्यम से मत डालने के हकदार हैं। इस संबंध में, प्रासंगिक बोर्ड संकल्प की स्कैन प्रति को मतदान के लिए अधिकृत व्यक्ति को प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता (ओं) के प्रमाणित हस्ताक्षर के साथ संवीक्षक को बैठक की तारीख से चार दिन पहले 12 जून 2025 को शाम 5:00 बजे तक या उससे पहले evoting@kfintech.com एवं hosgr.calcutta@ucobank.co.in, को प्रतिलिपि के साथ scrutinizer@snaco.net ई-मेल द्वारा भेजा जाना आवश्यक है।

बैंक के किसी कर्मचारी या अधिकारी को यूको बैंक (शेयर और बैठक) विनियमन, 2003 के प्रावधानों के अनुसार प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता है।

5. रिकॉर्ड तिथि और लेखाबन्दी

लाभांश भुगतान की रिकॉर्ड तिथि शुक्रवार, 9 मई 2025 थी।

6. लाभांश का भुगतान

निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 10 रुपये के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 0.39 रुपये के लाभांश की अनुशंसा की है।

लाभांश का भुगतान, यदि शेयरधारकों द्वारा वार्षिक आम बैठक में घोषित किया जाता है, तो उन शेयरधारकों को किया जाएगा जिनके नाम शामिल होंगेः

क) इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखे गए शेयरों के संबंध में एनएसडीएल/सीडीएसएल के रिकॉर्ड के अनुसार, शुक्रवार, 09 मई 2025 को व्यावसायिक समय की समाप्ति पर लाभकारी स्वामी के रूप में।

ख) भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से प्राप्त वैध प्रेषण अनुरोधों को प्रभावी करने के बाद शुक्रवार, 09 मई 2025 तक शेयरधारकों रजिस्टर में।

आरटीए को सेबी के निर्देशों के संदर्भ में बैंक उन शेयरधारकों को लाभांश वारंट नहीं भेजेगा जिनके पास भौतिक रूप में शेयर हैं और जिनके बैंक खाते का विवरण अद्यतन नहीं है। उन्हें तुरंत अपना बैंक विवरण अद्यतन करना है।

पात्र शेयरधारक को लाभांश का भुगतान/वितरण 18 जुलाई 2025 तक किया जाएगा।

7. लाभांश के स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस)

शेयरधारक ध्यान दें कि वित्त अधिनियम, 2020 द्वारा संशोधित आयकर अधिनियम, 1961 ('अधिनियम') में बदलाव के अनुसार, लाभांश शेयरधारकों के हाथों में कर योग्य आय होगी और बैंक को निर्धारित दरों पर शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान करते समय स्रोत पर कर (टीडीएस) की कटौती करना आवश्यक है। कर कटौती/रोक की दर शेयरधारक की आवासीय स्थिति और दस्तावेजी आवश्यकताओं को पूरा करने के अधीन अधिनियम में उल्लिखित छूट के आधार पर अलग-अलग होगी।

कर योग्य सीमा से कम कुल आय वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे टीडीएस कटौती से छूट का दावा करने के लिए बैंक को ई-मेल आईडी hosgr.calcutta@ucobank.co.in या बैंक के आरटीए को ई-मेल आईडी einward.ris@kfintech.com पर फॉर्म 15G(60 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति के लिए लागू)/15H(60 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्ति के लिए लागू) जमा करें।

कृपया ध्यान दें कि कर निर्धारण/कटौती पर किसी भी संसूचना/दस्तावेज पर विचार नहीं किया जाएगा यदि वह 30 मई 2025 को कारोबारी समय यानी शाम 6.00 बजे को या उससे पहले बैंक को प्राप्त नहीं हो जाता है।

8. वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एजीएम में भाग लेने हेतु शेयरधारकों के लिए निर्देश

- मेसर्स केफिन टेक्नॉलोजिस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से सदस्य को एजीएम में भाग लेने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सदस्य https://emeetings.kfintech.com पर जाकर 'वीडियो कॉन्फ्रेंस' पर क्लिक कर दूरस्थ ई-वोटिंग पहचान का उपयोग करके शेयरधारकों/सदस्यों पर लॉग-इन कर सकते हैं।

- एजीएम के लिए लिंक दूरस्थ ई-वोटिंग पहचान का उपयोग करके शेयरधारक/ सदस्य लॉग-इन में उपलब्ध होगा। एजीएम के लिए लिंक शेयरधारक/सदस्यों के लॉग-इन में उपलब्ध होगा, जहां ईवेंट और यूको बैंक को चुना जाना है।

- कृपया ध्यान दें कि जिन सदस्यों के पास ई-वोटिंग के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड नहीं हैं या उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड भूल गए हैं, वे अंतिम मिनट की भीड़ से बचने के लिए नोटिस में उल्लिखित दूरस्थ ई-वोटिंग निर्देशों का पालन करके इसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं।

- सदस्य बेहतर अनुभव के लिए गूगल क्रोम के साथ लैपटॉप के माध्यम से बैठक में शामिल हो सकते हैं।

- इसके अतिरिक्त, बैठक के दौरान किसी भी गड़बड़ी से बचने के लिए सदस्यों को एक अच्छी गति के साथ इंटरनेट का उपयोग करना आवश्यक होगा।

- कृपया ध्यान दें कि मोबाइल हॉटस्पॉट के माध्यम से मोबाइल डिवाइस या टैबलेट या लैपटॉप से कनेक्ट होने वाले प्रतिभागियों को अपने नेटवर्क में उतार-चढ़ाव के कारण ऑडियो/वीडियो सुनाई या दिखाई नहीं देने का अनुभव हो सकता है। इसलिए किसी भी प्रकार की उक्त खामियों को कम करने के लिए स्थिर वाई-फाई या लैन कनेक्शन का उपयोग करने की सलाह दी जाती है।

9. एजीएम से पहले वक्ता के पंजीकरण और प्रश्नों की रिकॉर्डिंग की सुविधाः

- जो शेयरधारक बैठक के दौरान अपने विचार व्यक्त करना चाहते हैं / प्रश्न पूछना चाहते हैं, वे खुद को एक वक्ता के रूप में पंजीकृत कर सकते हैं और https://emeetings.kfintech.com पर लॉग इन कर सकते हैं और नाम, डी मैट खाता संख्या/फोलियो संख्या, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर का उल्लेख करके उपलब्ध कराई गई विंडो 'अपने प्रश्न पोस्ट करें' पर क्लिक करके अपने सवाल/विचार/प्रश्न पोस्ट कर सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर तभी दिया जाएगा, जब निर्दिष्ट तारीख को शेयरधारक के पास शेयर रहते हैं। स्पीकर पंजीकरण और प्रश्नों की पोस्टिंग दिनांक 15 जून, 2025 (10.00 बजे प्रातः) से शुरू होगी और दिनांक 17 जून, 2025 (5.00 बजे सायं) को बंद होगी।

- जिन शेयरधारकों ने खुद को एक वक्ता के रूप में पंजीकृत किया है, केवल उन्हीं वक्ताओं को अपने विचार व्यक्त करने/प्रश्न पूछने की अनुमति होगी। बैंक द्वारा प्रश्नों का उत्तर उपयुक्त रूप से दिया जाएगा।

- एजीएम के दौरान, जो सदस्य पहले से पंजीकृत हैं, उन्हें कालानुक्रमिक क्रम में बोलने की अनुमति दी जाएगी और फिर एजीएम के दौरान पंजीकरण करने वालों को बोलने का विकल्प दिया जाएगा।

- एजीएम के दिन प्रश्न और उत्तर के दौरान वक्ताओं का पंजीकरण ट्रांसमिशन और तकनीकी समन्वय की बाधाओं के कारण समाप्त किया जा सकता है।

10. इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा मतदान

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम 2014 (यथासंशोधित) के नियम 20 के अनुसार पठित एवं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित सेबी (सूचीकरण और प्रकटीकरण की आवयकताएं) विनियमन, 2015 (यथासंशोधित) के विनियमन 44 के प्रावधानों तथा एमसीए परिपत्रों के अनुसरण में बैंक वार्षिक आम बैठक में किए जाने वाले व्यवसाय के संबंध में अपने सदस्यों को दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रहा है।

वे सदस्य जो सदस्यों के मत देने के अधिकार का निर्धारण करने के लिए निर्दिष्ट तारीख दिनांक 12 जून, 2025 को शेयर धारण कर रहे हैं, मेसर्स केफिन टेक्नॉलोजिस लिमिटेड द्वारा उपलब्ध कराए गए ई-वोटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से या एजीएम में मतदान करने के हकदार होंगे। जो व्यक्ति निर्दिष्ट तारीख को सदस्य नहीं हैं वे केवल सूचना के उद्देश्य से इस नोटिस को समझें।

यूको बैंक (शेयर और बैठकें) विनियमन, 2003 के अनुसार संयुक्त धारकों के मामले में, जिस सदस्य का नाम कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर के अनुसार पहले प्रकट होगा, वह वार्षिक आम बैठक में मत देने का हकदार होगा, बशर्ते कि दूरस्थ ई-मतदान के जरिए मत पहले ही न डाल दिए गए हों।

11.डीमैट रूप में शेयर रखनेवाले वैयक्तिक शेयरधारकों के लिए डिपॉज़िटरी(एनएसडीएल/सीडीएसएल) के जरिए दूरस्थ ई-मतदान हेतु अनुदेश

